## ठीक हुआ शेड्यूल : शुक्रवार को गोशाला व पोलोग्राउंड टंकी से हुई पानी की सप्लाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धोलावड़ डेम की पुरानी पाइप लाइन फूटने के बाद गड़बड़ाया जलप्रदाय शुक्रवार को समय पर आ गया। गोशाला और पोलोग्राउंड टंकी से समय पर पानी दिया गया। हालांकि गोशाला टंकी से जुड़े इलाकों का शेड्यूल एक दिन आगे बढ़ गया है। गुरुवार को जिन इलाकों में पानी नहीं मिल पाया था, उन्हें शुक्रवार को दिया गया। उधर चार दिन बिगड़ने के बाद पटरी क्षेत्रों की सप्लाई भी नियमित हो गई है। जलप्रदाय विभाग के इंजीनियर एसपी आचार्य ने बताया अभी डेम का जलस्तर बहुत नीचे है। पानी मड पंप से लिफ्ट हो रहा है जिससे दिक्कत हो रही है।

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना, स्पाट दल ने लगाया फाईन

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 24 जून को 7 दुकानदारों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा राहुल, बाबुलाल, हुसैन भाई, बाबुलाल त्रिपोलिया गेट, अरूण पोरवाल, जितेश घांस बाजार, पुखराज चांदनी चौक द्वारा गंदगी करने पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष षिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## गंदगी करने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 24 जून को 7 दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा राहूल, बाबुलाल, हुसैन भाई, बाबुलाल त्रिपोलिया गेट, अरुण पोरवाल, जितेश घांस बाजार, पुखराज चांदनी चौक द्वारा गंदगी करने पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाइश दी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिंदे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 24 जून को 7 दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा राहुल, बाबुलाल, हुसैन भाई, बाबुलाल त्रिपोलिया गेट, अरुण पोरवाल, जितेश घास बाजार, पुखराज चांदनी चौक द्वारा गंदगी करने पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाइश दी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश षिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## गंदगी फैलाने पर 14 लोगों से वसूल किया जुर्माना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में 14 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया।

श्रीराम, मोहन, प्यास खेराती, शिरोमणि, कालेज रोड, न्यू लक्की, राज कांचवाला, गुरुकृपा महू रोड, आनंदश्री, श्री साईनाथ महू रोड बस स्टैंड, जगन दौलतगंज, शबनम, सरिता घास बाजार, विनोद आटो पार्ट्स लोकेंद्र टाकीज, पवन चौरसिया जेल रोड द्वारा गंदगी करने पर 100-100 रुपये का स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

## आठ मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 987 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को राजीव गांधी सिविक सेंटर, पावर हाउस रोड, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर आदि क्षेत्रों से आठ मवेशियों को निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़ा गया।

# रतलाम जिले में दो दिन में कोई पॉजिटिव मरीज नहीं मिला

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में जहां कोरोना का कहर दो महिने तक छाया रहा वहीं 23 और 24 जून को एक भी पॉजिटिव मरीज जिले में नहीं मिला।

मेडिकल कालेज में 729 मरीजों की रिपोर्ट आना शेष है, जिले में एक्टिव पॉजिटिव 124 मरीज अभी भी उपचारार्थ भर्ती है। कंटेनमेंट एरिये की संख्या भी शून्य है। अभी तक 17 हजार 470 पॉजिटिव मरीज रतलाम जिले में कोरोना काल में पाए गए तथा 311 मरीजों की मृत्यु हुई। 1 लाख 95 हजार 51 लोगों की संदिग्ध केस पाए जाने पर जांच की गई।

**टीकाकरण अभियान**–जिले के सभी विकासखंड क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य से अधिक टीके लगाए गए। गुरुवार को सभी सेंटरों पर 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य की पूर्ति की गई। महाभियान के तहत 21 से 24 जून तक 68 हजार 15 लोगों को वेक्सीनेशन किया गया। जिले में अब तक कोविडशील्ड और को-वैक्सीन दोनों मिलाकर 3 लाख 23 हजार 860 टीके लगाए जा चुके है। स्वदेश

## मेडिकल कॉलेज में 18 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल मे आज की स्थिति में केवल 18 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 04 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 4 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 2 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से 4 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 532 बैड्स रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है। स्वदेश

## 17 मरीज भर्ती, इनमें अब सिर्फ 4 ही पॉजिटिव

**रतलाम** | मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या अब बहुत ही कम हो गई है। कॉलेज में शुक्रवार को 17 मरीज भर्ती थे। इनमें पॉजिटिव सिर्फ 4 ही थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज से शुक्रवार को 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया। 2 नए मरीज भी भर्ती हुए। आईसीयू के 56 बेड में से 13 पर मरीज भर्ती हैं। एचडीयू के सभी 172 बेड खाली हैं। ऑक्सीजन बेड 180 हैं, इनमें से सिर्फ 4 बेड पर मरीज भर्ती हैं। भास्कर

## मेडिकल कॉलेज में 17 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल मे आज की स्थिति में केवल 17 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 04 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 2 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 13 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 है जिनमें से 4 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 533 बैड्स रिक्त है। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## मेडिकल कॉलेज में अब सिर्फ 17 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल मे आज की स्थिति में केवल 17 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 04 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 2 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 13 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से 4 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 533 बैड्स रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है। नवभारत

# शहर में अब आज 12 स्थानों पर कोविड वैक्सीनेशन होगा

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान रतलाम शहर में कुल 12 स्थानों पर कोविड संबंधी वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस ऑफीसर्स क्लब दो बत्ती रतलाम पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। इन दोनों केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे सभी व्यक्ति जिनको कोविशिल्ड का पहला टीका लगवाकर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, सीधे उपस्थित होकर आईडी दिखाकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवा सकते हैं। रतलाम शहर के अन्य केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति अपना जन्म दिनांक दर्शाने वाला आईडी लेकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकेंगे। शनिवार को शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, सिंधी गुरुद्वारा, काश्यप सभागृह सांगोद रोड, सगर वंशी माली समाज धर्मशाला माली कुआं, जमातखाना शेरानीपुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी, पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

# शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए बीएलओ लिस्ट से व्यक्तियों का सत्यापन करेंगे

## कलेक्टर ने वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा की

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा शुक्रवार शाम करते हुए निर्देश दिए कि चुनाव की तर्ज पर आयोजित वैक्सीनेशन अभियान में शत-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है। इसके लिए बीएलओ की सूची के आधार पर व्यक्ति सत्यापित किए जाएंगे। सूची से चेक किया जाएगा कि कितने व्यक्ति वैक्सीनेशन से शेष बचे हैं। साथ ही लोगों को घर-घर पर्ची भी दी जाएगी जिसमें बतायी जाएगा कि उन्हें अपने वार्ड में किस सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए आना है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से चर्चा करते हुए उनके अनुभागों में वैक्सीन के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि शहर में मास्क नहीं पहनने पर की जाने वाली कार्रवाई में तेजी लाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर में कई सारे व्यक्ति बगैर मास्क नजर आ रहे हैं जो गलत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग कार्य के दौरान मरीज से जुड़े अधिकाधिक व्यक्तियों की ट्रेसिंग की जाए। यह भी निर्देशित किया कि जिले के रावटी तथा बाजना क्षेत्रों में वैक्सीनेशन सेंटर्स पर हेल्थ कैंप भी आयोजित किए जाए। कैंप में आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएं।

### दोहरे मापदंड से परेशानी

# डोज स्टॉक में नहीं, दुकानदारों पर कार्रवाई से बढ़ी नाराजगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीन नहीं लगाने वाले व्यापारियों की दुकानों पर पहुंच प्रशासन के अफसर दुकानें बंद करवा रहे हैं, लेकिन हकीकत तो यह है कि केंद्रों पर तो वैक्सीन ही नहीं लग रही है। वैक्सीन लगाने के लिए व्यापारी लंबी-लंबी लाइनों में लग रहे हैं लेकिन जब तक नंबर आ रहा है तब तो वैक्सीन ही खत्म हो रही है। ऐसा चार दिनों से हो रहा है। मंगलवार को वैक्सीन नहीं लगी। बुधवार को महाअभियान में व्यापारी वैक्सीन लगाने पहुंचे तो दोपहर में ही वैक्सीन खत्म हो गई।

प्रशासन विशेष कैंप लगाए:- थोक किराना व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया वैक्सीन नहीं लगाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात की जा रही है लेकिन शहर में वैक्सीन तो लग ही नहीं रही है। वैक्सीन लगाने के लिए व्यापारी जब सारा काम छोड़कर केंद्रों पर जा रहे हैं तो लंबी कतारें लग रही हैं। कतारों में भी लग रहे हैं लेकिन नंबर आने तक वैक्सीन खत्म हो जाती है। इससे व्यापारी वैक्सीन नहीं लगा पा रहे हैं। इसमें व्यापारियों की कहां गलती है।

## शहर में आज यहां होगा टीकाकरण

- रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा
- सिंधी गुरुद्वारा, थिरियाखेड़ी
- काश्यप सभागृह सागोद रोड
- सगरवंशी माली समाज धर्मशाला, मालीकुआं
- जमातखाना, शेरानीपुरा
- काजीखान मसजिद, जावरा रोड
- लायंस हॉल, पावर हाउस रोड
- धर्मशाला, कालिकामाता
- सूरज हॉल, वेदव्यास कॉलोनी


दूसरा डोज

- डीआरएम ऑफिस (कोवीशिल्ड)
- कम्युनिटी हॉल (अलकापुरी, कोवीशिल्ड)
- न्यू कलेक्टोरेट (विदेश जाने वालों के लिए)

नईदुनिया 26/06/2021

# वैक्सीन लगवाई या नहीं, इसका सत्यापन बीएलओ लिस्ट से होगा


## बचे हुए लोगों को केंद्र की जानकारी के साथ दी जाएगी पर्ची, कलेक्टर ने की महाअभियान की समीक्षा



ग्राम कराड़िया में टीकाकरण केंद्र के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण। • नईदुनिया



थाना प्रभारी महेंद्रसिंह चौहान को ज्ञापन देते हुए कराड़िया के ग्रामीण। • नईदुनिया




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में वैक्सीनेशन महाअभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार शाम करते हुए निर्देश दिए कि चुनाव की तर्ज पर अभियान में शत-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है। इसके लिए बीएलओ की सूची के आधार पर व्यक्ति सत्यापित किए जाएंगे। सूची से चेक किया जाएगा कि कितने व्यक्ति वैक्सीनेशन से शेष बचे हैं। साथ ही लोगों को घर-घर पर्ची भी दी जाएगी, जिसमें बताया जाएगा कि उन्हें अपने वार्ड में किस सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए आना है।

कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि शहर में मास्क नहीं पहनने पर की जाने वाली कार्रवाई में तेजी लाएं। शहर में कई सारे व्यक्ति बगैर मास्क नजर आ रहे हैं जो गलत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को निर्देशित किया कि जिले के रावटी तथा बाजना क्षेत्रों में वैक्सीनेशन सेंटर्स पर हेल्थ कैंप भी आयोजित किए जाएं।

### आज 12 स्थानों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा

शनिवार को शहर में अलकापुरी कम्युनिटी हाल अलकापुरी और डीआरएम आफिस आफिसर्स क्लब दो बत्ती रतलाम पर कोविशील्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। अन्य केंद्रों में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, सिंधी गुरुद्वारा, काश्यप सभागृह सागोद रोड, सगरवंशी माली समाज धर्मशाला माली कुआं, जमातखाना शेरानीपुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, लायंस हाल पावर हाउस रोड, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। अभियान के दौरान किसी भी हितग्राही को आनलाइन प्री बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों के लिए न्यू कलेक्टर कार्यालय में विशेष सत्र आयोजित किया गया है।

### वैक्सीन लगवाने के लिए ग्रामीणों ने टीकाकरण केंद्र पर दिया धरना

आलोट। पिछले दो दिनों से टीकाकरण केंद्रों से लोग से बैरंग लौट रहे हैं। शुक्रवार को ग्राम कराड़िया में टीकाकरण केंद्र नहीं खुलने पर ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठ गए और वैक्सीन लगवाने की मांग करते रहे। लोगों का कहना है कि गुरुवार शाम को घर-घर पीले चावल देकर टीका लगवाने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन टीकाकरण केंद्र ही बंद है। इसके कारण ग्रामीण धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बरखेड़ाकलां थाना प्रभारी महेंद्रसिंह चौहान को कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी दिया। इसमें टीका लगवाने के लिए मांग की गई।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में 25 जून को ग्राम कराड़िया, पिपलिया सिसोदिया, बरड़िया राठौड़, किशनगढ़, थंब गुराड़िया, निपानिया लीला, पंथ पिपलौदा में टीकाकरण होना था, लेकिन आज टीकाकरण नहीं हो पाया। गुरुवार को भी वैक्सीन के अभाव में शेड्यूल के अनुसार टीकाकरण नहीं हो पाया था। टीकाकरण के लिए ग्रामीणों में उत्साह है, लेकिन केंद्रों पर आवश्यकतानुसार टीके ही उपलब्ध नहीं है। विधायक मनोज चावला ने टीकाकरण अभियान को फ्लाप शो बताया। उधर, बीएमओ डा. अब्दुल कादिर ने बताया कि मंगलवार और शुक्रवार को विभाग के अनुसार रूटीन का टीकाकरण होता है, इसलिए कोविड-19 का टीकाकरण नहीं हो पाए हैं। वैसे भी आवश्यकतानुसार वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है। शनिवार को 20 केंद्रों की जगह 18 केंद्रों पर टीकाकरण होगा।

### गुणावद में 221 लोगों को लगाए टीके

नामली। ग्राम गुणावद में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले 221 लोगों को टीके लगाए गए। पंचायत को 200 टीके लगाने का लक्ष्य मिला था। इसमें 221 लोगों को टीके लगाकर 110 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, सचिव राधेश्याम भाटिया, पटवारी सुशील कुमार भिंडवाल, सहायक सचिव ईश्वरलाल मोहरी, एएनएम सुनीता यादव, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह राठौर का टीकाकरण में सहयोग रहा।

### एक नया पाजिटिव मिला और 16 डिस्चार्ज



रतलाम। जिले में शुक्रवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। 16 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 109 है। जिले में अब तक 17471 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 17051 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। शासकीय मेडिकल कालेज स्थित हास्पिटल में शुक्रवार की स्थिति में केवल 17 पेशेंट भर्ती है। इनमें से चार कोरोना पाजिटिव तथा शेष अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज से एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा दो नए मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आइसीयू के 56 बेड में से 13 पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त है। आक्सीजन बेड 180 है। इनमें से चार पर पेशेंट भर्ती है। नान आक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त है। हास्पिटल में 533 बेड रिक्त है। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टाक 56 है।

नवभारत 26/06/2021

## 2270 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये

रतलाम। आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 5 से 24 जून तक वार्डों के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को 67, 6 जून को 208, 7 जून को 155, 9 जून को 261, 11 जून को 164, 12 जून को 84, 13 जून को 112, 14 जून को 222, 15 जून को 284, 16 जून को 192, 17 जून को 57, 18 जून को 104, 19 जून को 90, 21 जून को 105, 22 जून को 75, 23 जून को 56, 24 जून को 34 हितग्राहियों के कार्ड बनाये गये इस तरह 19 दिनों में 2270 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके हैं। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम ने आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों का कार्ड बनाये जाने हेतु निगमायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नवभारत

## सफाई कामगारों को आवास बनाकर दिए जाए

रतलाम। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के शहर अध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम तथा निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को ज्ञापन सौंपा। इसमें अस्थायी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, सफाई कामगारों को आवास बनाकर देने, सीपीएफ राशि वेतन से काटने, सामूहिक बीमा करवाने, सभी कर्मचारियों को माह की छह तारीख को वेतन का भुगतान करने की मांग की गई। केएल घोसर, अशोक हाडे, मुकेश खरे, लेखराज भाटी, निर्मल हाडे, शैलेंद्र मेहना, राजू कल्याणी, सुनील डागर, अनिल

अभाव में तीनों ही मैदान की हालत खराब हो चुकी थी। रेलवे ग्राउंड की हालत तो ऐसी थी कि इसे पूरा खोदकर काम ही बंद कर दिया था। आलम ऐसा था कि रेलवे की मजबूत संस्था वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉयिज यूनियन को भी अपनी प्रतियोगिता अन्य ग्राउंड में सिर्फ मैत्री मैच खेलकर खत्म करना पड़ी थी। खिलाड़ियों के पक्ष में दैनिक भास्कर ने मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया। मैदान की हालत सुधरने लगी है। ग्राउंड को अब एक लेवल में लाया गया है। ग्राउंड में मिट्टी और मुरम डाली गई है। यहां घास भी उग आई है। अभी मैदान में रोलिंग की जरूरत है। हालांकि अभी मैदान के गेट पर ताले ही लगे हैं क्योंकि 30% काम बाकी है। वहीं जिम्मेदारों के मुताबिक इस मैदान को जल्द ही खिलाड़ियों के लिए पूर्ण कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इसे जल्द खोला जा रहा है।

अभी इस तरह दिखने लगा है रेलवे खेल मैदान। यहां किनारों पर अभी मिट्टी है, नालियां बन चुकी हैं। फोटो | चिंटू मेहता

## नेहरू स्टेडियम... कब-कब, क्या-क्या बनी योजना

2015 : पहली डीपीआर बनी, एमआईसी ने मंजूरी भी दी।

2016 : कलेक्टर बी. चंद्रशेखर ने कॉम्प्लेक्स बनाने का दावा कर प्रक्रिया रोक दी।

2017 : मल्टीलेवल कॉम्प्लेक्स के लिए खेल विशेषज्ञ आए, कलेक्टर का तबादला।

2018 : स्टेडियम के लिए टेंडर निकले।

2019 : पुराना स्टेडियम जमींदोज किया, लोकसभा चुनाव और बारिश के कारण काम धीमा हो गया।

2020 : ग्राउंड फ्लोर के कमरे और पवेलियन का ढांचा तैयार हो गया।

## इधर... नेहरू स्टेडियम में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना बंद

नेहरू स्टेडियम को संवारने की योजना ही बंद हो चुकी है। यहां 3.64 करोड़ के खर्च से तीन मंजिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनना था लेकिन योजना बंद हो गई। इसके बदले दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। स्टेडियम में 6 साल में दूसरी बार योजना में बदलाव हुआ है। निर्माण कार्य में तेजी नहीं होने से यहां आने वाले खिलाड़ियों की संख्या आधी रह गई है। मैदान की हालत ठीक नहीं होने से यहां खिलाड़ियों की संख्या भी आधी रह गई है।

## जल्द गेट खोले जाएंगे

*संक्रमण भी काबू में आ चुका है। 100% काम पूरा होने के बाद खिलाड़ियों की सुविधा के लिए जल्द गेट खुलेंगे।*

**विनीत गुप्ता,** डीआरएम, रतलाम

## ठेकेदार को ध्यान देना होगा

*रेलवे खेल मैदान का काम 70 प्रतिशत तक हो गया है। अभी गति सुस्त है। रोलिंग की जरूरत है। ठेकेदार को इस तरफ प्रमुखता से ध्यान देना होगा। लेटलतीफी के कारण खिलाड़ी परेशान हुए।*

**नितिन कलंकी,**
अंतरराष्ट्रीय एथलीट व कोच

## भास्कर इम्पैक्ट



19 फरवरी 2021 को प्रकाशित खबर।



11 मार्च 2021 को प्रकाशित खबर।

**फुटबॉल-एथलीट का प्रमुख ग्राउंड है यह**

28 लाख रुपए से रेलवे ग्राउंड को तैयार किया जा रहा है।

10 साल बाद इस ग्राउंड का नवीनीकरण हो रहा है।

2 साल से बड़ा टूर्नामेंट यहां नहीं हुआ है जबकि सालभर में 15 से ज्यादा टूर्नामेंट होते हैं।

100 से ज्यादा लोग यहां सुबह-शाम घूमने आते हैं।

भास्कर

पत्रिका 26/06/2021

# सुधार: बाल चिकित्सालय में शुरू हुआ रिनोवेशन का कार्य



रतलाम @ पत्रिका. कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिला मुख्यालय पर स्थित बाल चिकित्सालय को दुरुस्त करने का दौर शुरू हो गया है। दरअसल यह आशंका जताई जा रही है कि तीसरी लहर में बच्चों का ज्यादा असर पड़ेगा, इसी कारण से बच्चों के अस्पताल में को दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम आने के बाद सबसे पहले यहीं की व्यवस्था को देखा था और बेहतर करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद अब यह काम शुरू हो गया है। अस्पताल के वार्ड में भर्ती बच्चों को फिलहाल एमसीएच में खाली पड़े वार्ड में शिफ्ट किया गया है जिससे कि यहां पर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। निविदा निकाली जाने के बाद यहां पर रिनोवेशन के काम ने गति पकड़ रखी है, दरअसल यहां की व्यवस्थाओं पर कलेक्टर खुद ही नजर रखे हुए हैं।

## त्रिवेणी कुंड की सफाई की शुरुआत

स्वदेश 26/06/2021

# कर्मचारियों को वेतन से वंचित रखना न्यायोचित नहीं-सुराना

## वैक्सीनेशन को लेकर कर्मचारियों के संबंध में दिए आदेश से आक्रोश व्याप्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिला प्रशासन द्वारा समस्त आहरण संवितरण अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि उनके अधीनस्थ समस्त कर्मचारी अनिवार्यता वैक्सीनेशन कराए यह सुनिश्चित होने के बाद ही संबंधित कर्मचारियों का वेतन आहरित करें

कर्मचारी नेता दीपक सुराना ने प्रशासन के इस आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि शासकीय कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करता आ रहा है और वैक्सीन की महत्ता को समझते हुए वैक्सीनेशन करवा ही रहे हैं किंतु इसके बावजूद यदि कतिपय कर्मचारी वंचित है तो उनके लिए कार्यालय समय में ही कार्यक्षेत्र पर वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि कर्मचारी कार्यालयीन समय में ही वैक्सीन लगवा सके और अपने कार्यालय में रहकर दायित्वों का निर्वहन भी कर सकें।

सुराना ने कहा कि महज लक्ष्य पूर्ति के उद्देश्य से कर्मचारियों को वेतन से वंचित रखना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है, यह [illegible] शासकीय कर्मचारी हैं जिन्होंने भयावह कोरोना काल में अपनी ड्यूटी दी है यदि प्रशासन कर्मचारियों के हितों को ध्यान रखता तो मार्च आरंभ से ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का वैक्सीन हो जाना था। ऐसा ना होने के कारण कई कर्मचारियों को कोविड ड्यूटी करते हुए खामियाजा उठाना पड़ा।

जिला प्रशासन कर्मचारियों के वेतन रोकने संबंधी निर्देशों पर पुनर्विचार करें, और कर्मचारियों को वैक्सीन लगाने हेतु एक निश्चित स्थान और समय तय करें साथ ही अवकाश भी प्रदान किया जाए।

### दबी जुबान से कर्मचारी नाराज

मिली जानकारी के अनुसार अनुसार जिले में शत-प्रतिशत टीकाकरण को लेकर जिला प्रशासन ने सभी छोटे कर्मचारियों को इस हेतु अभियान चला रखा है। मानव समाज के लिए टीका लगाना अनिवार्य भी है, परन्तु कलेक्टर ने टीकाकरण नहीं कराने की बात को लेकर कुछ कर्मचारियों को निलंबित करना तर्क संगत नहीं। वर्तमान में तालाबंदी बहुत ही खतरनाक रहा, इसमें कई लोगों की श्वसन क्रिया कम होने पर अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। सूत्रों अनुसार जिले में लगभग 17 हजार कोरोना वायरस से प्रभावित हुए इसमें से कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल बोरिया ने बताया कि टीके के संबंध निलंबन के आदेश से आक्रोश व्याप्त है। इससे टीकाकरण कार्यक्रम पर विपरित असर हो सकता है। इन्होंने बताया कि कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा भी हुई है। इन्होंने 15 दिवस में निलंबित कर्मचारियों से आवेदन देने पर निलंबन वापस लेने की कार्रवाई होगी। स्वदेश

प्रसारण 26/06/2021

# शहर में आज 12 स्थानों पर कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान रतलाम शहर में कुल 12 स्थानों पर कोविड संबंधी वैक्सीनेशन किया जाएगा।

रतलाम शहर में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस ऑफीसर्स क्लब दो बत्ती रतलाम पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा। इन दोनों केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे सभी व्यक्ति जिनको कोविशिल्ड का पहला टीका लगवाकर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, सीधे उपस्थित होकर आई डी दिखाकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगवा सकते हैं। रतलाम शहर के अन्य केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति अपना जन्म दिनांक दर्शाने वाला आईडी लेकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकेंगे।

शनिवार को रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, सिंधी गुरुद्वारा, काश्यप सभागृह सागोद रोड, सगर वंशी माली समाज धर्मशाला माली कुआं, जमातखाना शेरानीपुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी, पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोविड वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान किसी भी हितग्राही को ऑनलाइन प्री बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति सीधे उपस्थित होकर जन्म दिनांक वाला आईडी दिखाकर कोविड-19 वैक्सीनेशन करा सकते हैं। प्रसारण

उपरोक्त के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों के लिए न्यू कलेक्टर कार्यालय रतलाम में विशेष सत्र आयोजित किया गया है जिसमें केवल विशेष श्रेणी के लोगों (विदेश यात्रा शैक्षणिक प्रयोजन, रोजगार हेतु, टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने जाना) को कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ 28 दिन के अंतराल से लगाया जाएगा।



## दुल्हन की खुशी के लिए किया वेक्सीन स्लोगन मंच तैयार

रतलाम। विवाह समारोह मे स्टेज पर वेक्सीन लगवाने का संदेश देते हुए दुल्हन की जिद पर स्लोगन से स्टेज सजाया गया। दुल्हन भारती का विवाह इंदौर के यश पांचाल से हुआ। दुल्हन भारती ने कहा कि ग्रामीण मे लोग वेक्सीन के प्रति बहुत डरे हुए हैं और कई गांवों में लोग वेक्सीन नही लगवा रहे है, वेक्सीन के प्रति जागरूकता के लिए राकेश पांचाल को बताया तो उन्होंने इस सुझाव को बहुत अच्छे तरीके से तैयार किया और मेरी शादी मे एक महत्वपूर्ण सन्देश दिया। राकेश पांचाल ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री भी कोरोना वेक्सीन लगवाने के लिए अनुरोध कर रहे हैं और स्वदेशी वेक्सीन लगवाकर अगर भारत कोरोना मुक्त हो सकता है तो इसमें डर कैसा। इस अवसर पर दुल्हन के पापा सुरेश पांचाल व मम्मी निर्मला पांचाल ने भी सभी मेहमानों से वेक्सीन लगवाने के अनुरोध किया।

पत्रिका 26/06/21

कलेक्टर ने वैक्सीनेशन महाअभियान की समीक्षा की

# बीएलओ लिस्ट से व्यक्तियों का सत्यापन करेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा शुक्रवार शाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने की। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव की तर्ज पर आयोजित वैक्सीनेशन अभियान में शत-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है। इसके लिए बीएलओ की सूची के आधार पर व्यक्ति सत्यापित किए जाएंगे। सूची से चेक किया जाएगा कि कितने व्यक्ति वैक्सीनेशन से शेष बचे हैं। साथ ही लोगों को घर-घर पर्ची भी दी जाएगी जिसमें बताया जाएगा कि उन्हें अपने वार्ड में किस सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए आना है।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से चर्चा करते हुए उनके अनुभागो में वैक्सीन के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि शहर में मास्क नहीं पहनने पर की जाने वाली कार्रवाई में तेजी लाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग कार्य के दौरान मरीज से जुड़े अधिकाधिक व्यक्तियों की ट्रेसिंग की जाए। यह भी निर्देशित किया कि जिले के रावटी तथा बाजना क्षेत्रों में वैक्सीनेशन सेंटर्स पर हेल्थ कैंप भी आयोजित किए जाए। कैंप में आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएं।

## 12 स्थानों पर होगा कोविड वैक्सीनेशन

वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान रतलाम शहर में कुल 12 स्थानों पर कोविड संबंधी वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस ऑफीसर्स क्लब दो बत्ती रतलाम पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। इन दोनों केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे सभी व्यक्ति जिनको कोविशिल्ड का पहला टीका लगवाकर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, सीधे उपस्थित होकर आई डी दिखाकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवा सकते हैं। शहर के अन्य केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति अपना जन्म दिनांक दर्शाने वाला आईडी लेकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकेंगे। शनिवार को रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, सिंधी गुरुद्वारा, काश्यप सभागृह सांगोद रोड, सगर वंशी माली समाज धर्मशाला माली कुआं, जमातखाना शेरानीपुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी, पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

---

वैक्सीन महाअभियान भास्कर

# अब बीएलओ बचे हुए लोगों को घर-घर जाकर देंगे पर्ची

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में 100% वैक्सीनेशन के लिए अब बीएलओ कमान संभालेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बीएलओ को सूची के आधार पर लोगों को सत्यापित करने का कहा है। सूची से चेक किया जाएगा कि कितने लोग अभी वैक्सीन से बच गए हैं। जो लोग बच गए हैं, उनके घर जाकर पर्ची दी जाएगी। इसमें बताया जाएगा कि उनके वार्ड में किस सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए जाना है। शुक्रवार को कलेक्टर [illegible]र पुरुषोत्तम ने सभी एसडीएम से चर्चा की। उनके क्षेत्र में वैक्सीन के लक्ष्य की जानकारी ली है। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को कहा कि मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर कार्रवाई में तेजी लाए। शहर में कई लोग बिना मास्क नजर आ रहे हैं जो गलत है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे को कांटेक्ट ट्रेसिंग के दौरान मरीज से जुड़े ज्यादा से ज्यादा लोगों की ट्रेसिंग करने का कहा है। रावटी और बाजना क्षेत्र में वैक्सीनेशन सेंटर्स पर हेल्थ कैंप लगाने का भी कहा। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

पत्रिका 26/06/2021

शहर में नगर निगम ने 26 करोड़ से अधिक कर दिया भुगतान

# तीन साल से ऑडिट का एतराज, फिर भी मस्टर पर करोड़ों खर्च

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

रतलाम. नगर निगम के विभिन्न विभागों में बोगस भुगतान के आरोप आए दिन लगते हैं। लेकिन इस बार मामला अलग है। नगर निगम ने तीन वर्षों में मस्टर पर 26 करोड़ रुपए से अधिक का ऐसा भुगतान किया जिस पर हर बार ऑडिट को एतराज रहा। हैरानी की बात यह है कि तीन वर्षों से एतराज के बाद भी इस वर्ष के वित्तिय वर्ष 2020-2021 में भी यह जारी है।

नगर निगम लोकनिर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग में मस्टर में कर्मचारियों को रखकर उनका वेतन भुगतान करता है। वर्ष 2005 में मस्टर में कर्मचारी रखने पर शासन ने रोक लगा रखी है। इसके बाद भी यह भुगतान जारी है। हैरानी की बात यह है कि हर बार जब नगर निगम का सालाना ऑडिट होता है तो इस बात पर सख्त एतराज होता है, इसके



बाद भी इसको गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यहां तक की निगम के हर विभाग को इसकी जानकारी है, इसके बाद भी चाहे फिर वो लोकनिर्माण विभाग हो या स्वास्थ्य विभाग मस्टरकर्मी रख रहा है।

## इन कार्यों के लिए रखते हैं

शहर में चूने की लाइन डालना हो, नालों की सफाई की गैंग हो, विशेष कार्य हो या फिर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलना हो, ऐसे कार्यों में निगम मस्टरकर्मी रखता है। हालाकि निगम में मस्टरकर्मी के रुप में नौकरी मिलना भी हर कोई के लिए आसान नहीं रहता है, इसके लिए भी जुगाड़ करना होती है।

## कार्य के लिए जरूरी

यह सही है कि ऑडिट को मस्टरकर्मी रखने एतराज रहता है व शासन ने भी इस पर रोक लगाई है, लेकिन कई बार जरूरी कार्य के लिए इनको रखा जाना जरूरी होता है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम रतलाम

## ऑडिट आपत्ति की फैक्ट फाइल

**2017 - 2018** में 08 करोड़ 42 लाख 16 हजार रुपए

**2018 - 2019** में 06 करोड़ 47 लाख 93 हजार रुपए

**2019 - 2020** में 11 करोड़ 27 लाख 83 हजार

**तीन वर्ष में कुल व्यय** - 26 करोड़ 17 लाख 92 हजार रुपए

पत्रिका 26/06/21

**लापरवाही-** इस बार मानसून करीब तो सिर्फ जारी कर रहे नोटिस

# शहर में तीन साल में 717 जर्जर मकानों के लिए नोटिस, 9 की मौत, गिराया एक भी नहीं

पत्रिका न्यूज पंच



रतलाम. हर साल अप्रेल मई में शहर में मानसून के पूर्व की तैयारी करते हुए नगर निगम जर्जर आवास में रहने वालों को नोटिस जारी करता है। इस बार लॉकडाउन रहा तो इस कार्य को दो माह देरी से, अब जून में शुरू किए हुए हैं। अब तक करीब 215 जर्जर आवास संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसमे लिखा गया है कि जर्जर आवास नहीं तोड़े गए तो 15 हजार रुपए प्रतिघंटे की दर से इनको तोड़ने का काम निगम करेगा व यह राशि आवास मालिक को देना होगी। तीन वर्षों में अब तक कुल 717 नोटिस जारी किए गए, जबकि जर्जर आवास की कभी छत तो कभी दिवार गिरने से कुल 9 की मौत हुई हैं।

शहर में जब पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा की परिषद रही तब जर्जर आवास को तोड़ने के मामले में बड़े साहसी निर्णय लिए गए थे। इनके बाद जब डॉ. सुनीता यार्दे आईं तब भी जर्जर आवास को तोड़ने का कार्य हुआ, लेकिन इनके कार्यकाल में तत्कालीन एमआईसी सदस्य अरुण राव पर आरोप लगे व इनको पद से देर रात हटाया गया।

### 3 साल में दिए इतने नोटिस

| वर्ष | नोटिस की संख्या |
|---|---|
| 2019 | 321 |
| 2020 | 181 |
| 2021 | 215 अब तक |

**नोट तीन वर्षों में कुल 717 नोटिस जारी किए गए**

इसके बाद न तो किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं कोई अधिकारी ने जर्जर आवास को तोड़ने में रुचि ली, नोटिस हर साल परंपरा को निभाते हुए जरूर जारी हुए।

## तीन साल में 9 मौत

तीन साल के इतिहास पर नजर डाली जाए तो 25 जून 2020 को तड़के 5 बजे गांधीनगर क्षेत्र में घर की छत गिरी थी व मोहनलाल, उनकी पत्नी व दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। इसके पूर्व 2019 में कोर्ट चौराहा के करीब एक वृद्धा की मौत घर की दीवार गिरने से हुई थी। 2018 में ही डालूमोदी बाजार में बारिश के समय जर्जर आवास की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई थी। तीन वर्ष में 9 की मौत के बाद भी अब तक जर्जर आवास के मामले में गंभीरता नोटिस से आगे नहीं चल पाई है।

नगर निगम शहर में जर्जर आवास में रहने वालों को नियम अनुसार नोटिस जारी करता है। जिनके आवास हैं, उनको भी इस बात को समझना होगा की इससे किसी की मौत हो यह ठीक नहीं है। नोटिस जारी होने के बाद अक्सर लोग कोर्ट में चले जाते हैं, फिर न्यायालय का मामला होने पर तुरंत निर्णय लेने में समस्या आती है। - **जीके जायसवाल,** सिटी इंजीनियर, नगर निगम

दे. भास्कर 26/06/2021



**यह तस्वीर अच्छी है** • दैनिक भास्कर द्वारा खेल मैदानों का मुद्दा उठाए जाने के बाद तैयार हुआ स्टेडियम

# अब खेलने के लिए हवाई पट्टी नहीं जाना होगा, स्टेडियम का काम लगभग पूरा, जल्द खुलेंगे गेट

- अब मैदान पर केवल रोलिंग की जरूरत
- खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खोला जाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अब रतलाम के खिलाड़ियों को एथलेटिक्स या अन्य खेल के लिए बंजली हवाई पट्टी तक नहीं जाना होगा। दरअसल, रेलवे ग्राउंड में लेवलिंग सहित 70% तक काम पूरा हो गया है। मार्च में यहां काम बंद हो गया था। मैदान को खोदकर छोड़ दिया था। हालांकि अभी मैदान के गेट पर ताले लगे हुए हैं लेकिन जल्द ही यहां काम पूरा होने के बाद खुल जाएगा।

शहर के तीन प्रमुख खेल मैदान हैं नेहरू स्टेडियम, रेलवे ग्राउंड और कॉलेज ग्राउंड। लेकिन देखरेख के

**संवारा रेलवे ग्राउंड :** 1 साल से स्पर्धा भी नहीं, इधर, नेहरू स्टेडियम के संवरने का अब भी इंतजार

